मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-165
08/04/2020

# मुख्यमंत्री ने शब–ए–बरात के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 08 अप्रैल 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने शब–ए–बरात के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों विशेषकर मुस्लिम भाई–बहनों को बधाई एवं शुभकामनायें दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शब–ए–बरात का त्योहार पवित्र है। इस अवसर पर लोग पूरी रात जागकर खुदा की इबादत करते हैं। अपने पूर्वजों को याद करते हैं। उनके मगफिरत (चिर शांति) के लिए दुआओं के साथ–साथ समस्त इंसानियत के फलहा व बहबूद, विश्व शांति एवं भाईचारे के लिए खुदा से दुआयें करते हैं। आज की गई दुआयें खुदा की बारगाह में मकबूल होती है।

वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुये प्रत्येक व्यक्ति का सचेत रहना नितान्त आवश्यक है। इसका सबसे अच्छा उपाय सोशल डिस्टेंसिंग है। आप सब लोग घर के अंदर रहें, आपके सहयोग से ही इस महामारी से निपटने में सफलता मिलेगी।

******